# राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

## चर्चा में क्यों?

**राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स** 11 से 20 नवंबर, 2024 तक बिहार के राजगीर में **महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी, 2024** का आयोजन करेगा।

## मुख्य बिंदु

- **लगभग 740 करोड़ रुपए की लागत** से निर्मित यह परिसर **भारत के सबसे बड़े और सबसे उन्नत परिसरों में से एक है,** जिसे आत्मनिर्भर होने के लिये डिज़ाइन किया गया है।
- **खेल सुविधाएँ और मानक:**
  - मुख्य क्रिकेट स्टेडियम के अलावा, इस परिसर में हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, तैराकी और कुश्ती सहित **25 खेलों के आयोजन की व्यवस्था होगी,** जो सभी अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बनाए गए हैं।
  - यह पहला ऐसा अखाड़ा है जो बनकर तैयार हो चुका है, इसमें लगभग 8,000-10,000 दर्शक बैठ सकते हैं तथा इसका खेल मैदान पेरिस में प्रयुक्त मैदान के समान है।
- **वास्तुकला शैली और डिज़ाइन:**
  - बिहार सरकार ने कार्यालय भवनों, आवासीय सुविधाओं और खेल स्थलों के लिये **ईंट और पत्थर का चयन किया, जिससे परिसर को एक भव्य, पारंपरिक रूप दिया गया।**
  - हॉकी मैदान में शिक्षा के केंद्र के रूप में प्राचीन नालंदा के भित्ति चित्र शामिल हैं तथा इस थीम को चेंजिंग रूम में भी दर्शाया गया है।
    - भित्ति चित्र एक **ग्राफिक कला का रूप है,** जिसे दीवार, छत या अन्य स्थायी सतहों पर सीधे चित्रित या स्थापित किया जाता है।

## महिला एशियाई हॉकी चैंपियंस ट्रॉफी

- यह एक **द्विवार्षिक अंतर्राष्ट्रीय फील्ड हॉकी प्रतियोगिता है जिसमें एशियाई हॉकी महासंघ** के सदस्य संघों की शीर्ष छह महिला राष्ट्रीय टीमें भाग लेती हैं।
- इस टूर्नामेंट में एशिया की **सर्वश्रेष्ठ छह महिला राष्ट्रीय टीमें शामिल हैं।**
- **दक्षिण कोरिया के** पास सबसे अधिक खिताब हैं, जिसने **तीन बार यह टूर्नामेंट जीता है।**
- **भारत और जापान** ने यह **टूर्नामेंट दो-दो बार** जीता है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajgir-sports-complex